**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 23.04.2025 को अपरान्ह 12. 30 बजे विकास भवन में, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति/जल जीवन मिशन की आयोजित की गयी समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः–**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं फर्मों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

1. श्री अजय कुमार गौतम, मुख्य विकास अधिकारी, इटावा।
2. श्री के0के0 प्रजापति, अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, इटावा।
3. श्री विजय कुमार चौपाल, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डीनेटर एवं अन्य डीपीएमयू स्टाफ।
4. श्री संजय कुमार झा, डीपीएम, बी.एल.जी.कं0 एवं अन्य टी0पी0आई0 स्टाफ।
5. श्री संदीप जैन मैनेजर एवं श्री अमन शर्मा, इंजीनियर, फर्म मै0 आई.एच.पी.।
6. श्री मनीष गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर एवं श्री अभिजीत, इंजीनियर, मै0 OMIL–JWIL (JV)।
7. अन्य अधिकारी/कर्मचारी।

***1– जल जीवन मिशन (फेज–2) :–*** अवगत कराना है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से नामित फर्म मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप प्रा0लि0 को 94 नग (सम्मिलित 159 नग राजस्व ग्राम) पाइप पेयजल योजनाओं के कार्य पूर्ण कर 45500 नग क्रियाशील गृह संयोजन का कार्य पूर्ण किया जाना लक्षित है। 94 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 07 नग पेयजल योजनाओं का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, वर्तमान में 78 नग पेयजल योजनाओं (60 नग अवर जलाशय व 18 नग डायरेक्ट जलापूर्ति के माध्यम से) में नियमित जलापूर्ति की जा रही है तथा 2 नग पेयजल योजनाओं हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु राजस्व विभाग से सम्पर्क किया जा रहा है।

***निर्देशः–*** फर्म को निर्देशित किया गया है, कि समस्त पेयजल योजनाओं के कार्यों को पूर्ण करने हेतु बार चार्ट उपलब्ध करायें, समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। समस्त पेयजल योजनाओं में क्लोरीनयुक्त, नियमित जलापूर्ति करें। प्रत्येक शुक्रवार की सायं को कार्यों की प्रगति अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध करायें, साथ ही निर्देशित किया गया कि फर्म द्वारा किये गये कार्यों की प्रगति से 15 दिवस में अधिशासी अभियन्ता जल निगम के साथ कार्यो की समीक्षा कर प्रगति से अवगत करायें, जिन योजनाओं में भूमि उपलब्ध नहीं है, उसके लिये राजस्व विभाग से भूमि उपलब्ध कराने हेतु प्रयास करें एवं कार्य प्रारम्भ करें। रोड रेस्टोरेशन का कार्य संतोषजनक नहीं है। फर्म को निर्देशित किया जाता है कि रोड रेस्टोरेशन की प्रगति में सुधार कर, आख्या खण्ड कार्यालय को उपलब्ध करायें।

**(कार्यवाही : मै0 द इण्डियन हयूम पाइप प्रा0लि0, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

***2– जल जीवन मिशन (फेज–3):–*** अवगत कराना है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से नामित फर्म मै0 ओम इन्फ्रा, प्रा0लि0, नई दिल्ली को 259 नग (सम्मिलित 381 नग राजस्व ग्राम) पाइप पेयजल योजनाओं के कार्य पूर्ण कर 140000 नग क्रियाशील गृह संयोजन का कार्य पूर्ण किया जाना लक्षित है। 259 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 02 नग पेयजल योजनाओं का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, वर्तमान में 47 नग पेयजल योजनाओं में नियमित जलापूर्ति की जा रही है तथा 2 नग पेयजल योजनाओं हेतु एवं 6 नग पेयजल योजनाओं में सैलाइन वाटर होने के कारण द्वितीय टयूबवेल हेतु भूमि उपलब्ध कराने हेतु राजस्व विभाग से सम्पर्क किया जा रहा है।

**निर्देशः–** फर्म को निर्देशित किया गया है, कि समस्त पेयजल योजनाओं के कार्यों को बार चार्ट उपलब्ध कराना एवं समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। 12 नग ट्रायल रन पेयजल योजनाओं में 2 सप्ताह में व 130 नग पेयजल योजनाओं क्लोरीनयुक्त नियमित जलापूर्ति करने हेतु अपना प्लान उपलब्ध कराते हुये प्राथमिकता पर पूर्ण करायें। जिन योजनाओं में भूमि उपलब्ध नहीं है, उसके लिये सम्बन्धित विभाग से भूमि उपलब्ध कराने हेतु एन0ओ0सी0 शीघ्र प्राप्त कर, कार्य प्रारम्भ करें। प्रत्येक शुक्रवार की सायं को कार्यों की प्रगति अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध करायें, साथ ही निर्देशित किया गया कि फर्म द्वारा किये गये कार्यों की प्रगति से 15 दिवस में अधिशासी अभियन्ता जल निगम के साथ कार्यो की समीक्षा कर प्रगति से अवगत करायें, जिन योजनाओं में भूमि उपलब्ध नहीं है, उसके लिये राजस्व विभाग से भूमि उपलब्ध कराने हेतु प्रयास करें एवं कार्य प्रारम्भ करें। फर्म को निर्देशित किया जाता है कि रोड रेस्टोरेशन की प्रगति में सुधार कर, आख्या खण्ड कार्यालय को उपलब्ध करायें।

**(कार्यवाही : मै0 ओम इन्फ्रा प्रा0लि0, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण))**

***5– डी0पी0एम0यू0:–***अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, इटावा द्वारा अवगत कराया गया, कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माण कार्यों एवं आई0एस0ए0 एवं आई0ई0सी0 के कार्यों के अनुश्रवण एवं अपेक्षित विभागीय सहयोग हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से मै0 मेधज टैक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, लखनऊ को नामित किया गया है। इनके प्रगति विवरण निम्नानुसार है– एफ0एच0टी0सी0

फीडिग, गृह संयोजन के लिए जागरूकता अभियान के माध्यम से लाभार्थियों को प्रेरित किया जाना, ग्राम पंचायतों में क्लोरीन युक्त शुद्व पानी पीने के लिए लाभार्थियो को जागरूक किया जाना, राजस्व ग्रामों में वितरण एफ0टी0के0 किट से चयनित महिलाओं द्वारा एफ0टी0के किट के माध्यम से सार्वजनिक जल श्रोत की जॉच महिलाओं द्वारा कराया जाना, महिलाओ द्वारा सार्वजनिक जल श्रोत (हैण्डपम्प) की जॉच कराना व कार्यो की प्रगति में सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही : डी.पी.एम.यू., अधिशासी अभियन्ता, जल निगम )**

***6— थर्ड पार्टी इंस्पेक्शनः—*** अधिशासी अभियन्ता / सदस्य सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, इटावा द्वारा अवगत कराया गया, कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यों के थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन (TPI)के रूप में कार्यो की निगरानी / गुणवत्ता, देयक के भुगतान की संस्तुति इत्यादि हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से मै0 बी.एल.जी. कं0 सर्विसेज प्रा0लि0 को नामित किया गया है।

***निर्देशः—*** टीपीआई संस्था मै0 बी.एल.जी. कं0 सर्विसेज प्रा0लि0 को निर्देशित किया गया है, कि फेज—2 व फेज—3 में अनुबंधित फर्मो द्वारा किये जा रहे कार्यो एवं उनकी मापों की नियमित रूप से जांच करें व अपने स्टाफ के द्वारा पेयजल योजनाओं के निरीक्षण की संकलित आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायें। उक्त कार्यों के साथ प्रत्येक ग्राम में रोड रेस्टोरेशन एवं नियमित जलापूर्ति के सम्बन्ध में भी जांच करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही : मै0 बी0एल0जी0)**

**2— *जल निगम द्वारा पुरानी पेयजल योजनाओं का मरम्मतीकरण कार्यः—*** अवगत कराना है कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ से फर्म मै0 हितवी कन्स्ट्रक्शन लि0, गुजरात को 91 नग (सम्मिलित 143 नग राजस्व ग्राम) पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो का रखरखाव व मरम्मतीकरण हेतु 10 वर्ष हेतु नामित किया गया है, जो पूर्व में ग्राम पंचायत को हस्तगत है। वर्तमान फर्म द्वारा ग्रामों का सर्वे कर डी0पी0आर0 बनाया जा रहा है। वर्तमान तक 91 योजनाओं के सापेक्ष 8 डी0पी0आर0 बनाये गये हैं।

**निर्देशः—** फर्म को निर्देशित किया गया है, कि उक्त 91 नग पेयजल योजनाओं का सर्वे कर शीघ्र कराकर समस्त योजनाओं के डी0पी0आर0 तैयार करना सुनिश्चित करें। फर्म के प्रतिनिधि पेयजल योजनाओं पर अंकित कराने हेतु अपना हेल्पलाइन जारी करें, जिससे ग्रामवासियों द्वारा अपनी शिकायत हेतु सम्पर्क किया जा सके।

**(कार्यवाही : मै0 हितवी कन्स्ट्रक्शन लि0, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण))**

सधन्यवाद मीटिंग समाप्त हुई।

(signature)

o/c **अधिशासी अभियन्ता(जल निगम) / सचिव**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन**
इटावा

**पत्रांक** 920/ W—91 /09 **दिनांकः** 26/04/2025
**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, इटावा।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, इटावा।
3. जिला समन्वयक, मेधज टैक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, इटावा।
4. जिला परियोजना प्रबन्धक, बी.एल.जी. कं0 सर्विसेज प्रा0लि0, इटावा।
5. मै0 द इण्डियन ह्यूम पाइप कम्पनी (लि0) हाउस नं0 6—3—323, रामनगर, अनन्तपुरम, आ.प्रदेश।
6. मै0 ओम इन्फ्रा प्रा0लि0, नई दिल्ली।
7. मै0 हितवी कन्स्ट्रक्शन लि0, अहमदाबाद, गुजरात।

(signature)

**अधिशासी अभियन्ता(जल निगम) / सचिव**
o/c **जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन**
इटावा